## खबर संक्षेप



### उमरगांव में आज मेला मड़ई, कई गांवों के देवी-देवता पहुंचेंगे

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में आज मेला मड़ई का आयोजन किया गया है जिसमें पोड़ागांव, लखनपुरी, भीरागांव, अमलीडीही, नवागांव, गैदाभर्री, पोडीडीही, रानीगांव, मल्हारी, फरसगांव, ठोठाझरिया सहित अनेक गांव के देवी-देवता पहुंचेंगे। मीना बाजार में ड्रैगन झूला, आकाश झूला आकर्षण का केंद्र होंगे। यह मेला दो दिन होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर मयारु नाचा पार्टी छेड़िया भरदा गुरुर और छिन्दीटोला में रंगधारा नाचा पार्टी ओनवी खेली छुरा गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। भीरागांव में डीजे डांस प्रतियोगिता होगी।

### महेश कुमार हुए सेवानिवृत्त 34 वर्ष तक की सेवा

**अंवरी।** भखारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रसंघ के नेता रहे महेश कुमार साहू पिता दौवाराम साहू ने 29 वर्ष की आयु में अविभाजित मध्यप्रदेश राज्य के धार जिले से एनएमए पद से शासकीय सेवा की शुरूआत की। दुर्ग जिले के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बापूनगर खुर्सीपार भिलाई में शासकीय सेवा देते हुए कुष्ठ कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व किया। सच्ची श्रद्धा एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ सफलतापूर्वक 62 वर्ष पश्चात अपनी शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी पूर्ण कर 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए। शासन को अपने जीवन के बहुमूल्य 34 वर्ष प्रदान किये।

### तारिणी के जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर हर्ष



**भखारा।** छत्तीसगढ़ सहित 41 जिलों के लिए जिला कांग्रेस के नए अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी की। प्रत्येक जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों ने स्थानीय नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट हाईकमान को भेजी थी। तारिणी चंद्राकर को जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्राम पंचायत सेमरा के यतीश सिन्हा ने कहा कि तारिणी को जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस संगठन में अपार उत्साह है। वह बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएंगी और जनता के मुद्दों को ज्यादा मजबूती से उठा पाएंगी। उनके अध्यक्ष बनने परसेमरा, सिलघट, सुपेला, गाड़ाडीह, सिलतरा, सिलीडीह, सिर्वे के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में हर्ष है।

### महेश्वर का आबकारी उपनिरीक्षक में चयन

**अंवरी।** ग्राम खपरी (सिलीडीह) निवासी भैयाराम कंवर का पुत्र महेश्वर कंवर पीएससी पास कर आबकारी उपनिरीक्षक बना। महेश्वर एक गरीब मजदूर का बेटा है। वह अपने अथक परिश्रम एवं लगन से यह मुकाम हासिल किया गया। महेश्वर का आबकारी उपनिरीक्षक में चयन होने पर परिवारजनों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर धरम कंवर, गैंद कंवर, रेखराम यादव, जितेन्द्र कंवर, सन्नूराम कंवर सहित अनेक ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### रामपुर स्कूल में हुए स्पोर्ट्स एक्टिविटी

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शनिवार को स्पोर्ट्स एक्टिविटी हुए जिसमें विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया। व्यायाम, पीटी ड्रिल, मार्चपास्ट, एरोबिक एक्सरसाइज, जुंबा डांस एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू द्वारा करवाई गई। यह आयोजन विद्यालय प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हुआ।

# समर्पित नक्सलियों ने पुनर्वास केन्द्र में किया पौधारोपण और दिया पर्यावरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा संभांग के अलग अलग जिले में स्थित पुनर्वास केन्द्रों में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नारायणपुर स्थित पुनर्वास केन्द्र में समर्पित नक्सलियों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में शामिल हो चुके नक्सलियों के प्रयास व पर्यावरण के प्रति उनकी सोच की लोग सराहना कर रहे है

नारायणपुर जिला मुख्यालय में 25 नवम्बर को जिन 28 माओवादियों ने समर्पण किया था उनके द्वारा पुनर्वास केन्द्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने सदेंश दिया गया। आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि स्थानीय समुदाय के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में पुनर्वासित माओवादी कैडरों द्वारा किए गए पौधारोपण ने आशा और शांतिपूर्ण भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतीक प्रस्तुत किया है। इस पुनर्वास केंद्र के पौधरोपण स्थल का नाम वायान वाटिका रखा गया है जिसका अर्थ स्थानीय आदिवासी गोंडी भाषा में आशा और भविष्य की बगिया होता है। आईजी ने कहा कि वायान वाटिका में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम नारायणपुर और अबुझमाड़ जैसे क्षेत्रों में जो लंबे समय तक अनिश्चितता से प्रभावित रहे विश्वास निर्माण प्रक्रियाओं के गहराते स्वरूप को प्रतिबिंबित करता है। क्षेत्र की सुरक्षा, न्याय और सेवा बढ़ती सक्रिय भागीदारी बस्तर में सामाजिक पुनर्समावेशन और समावेशी विकास के लिए एक परिवर्तनकारी मार्ग को दशार्ती है।

## पौधरोपण सामाजिक सौहार्द की मजबूती और आपसी विश्वास के पुनर्निर्माण का संकेत : आईजी






### क्षेत्र की शांति सामुदायिक भागीदारी से हो रहा संभव

इस अवसर पर एसपी नारायणपुर रॉबिनसन गुरिया ने कहा कि यह पौधारोपण कार्यक्रम नारायणपुर जिले विशेषकर अबुझमाड़ जैसे भीतरी इलाकों में जो कभी अनिश्चितता और कठिनाइयों से प्रभावित थे विश्वास-निर्माण प्रक्रियाओं की मजबूत होती गति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सतत शांति विश्वसनीय सुरक्षा उपायों और साझा जिम्मेदारी पर आधारित सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ही संभव हो पा रही है। यह कार्यक्रम पूना मारगम पुनर्वास से सामाजिक पुनर्समावेशन पहल के बढ़ते प्रभाव को और सुदृढ़ करता है तथा दशार्ता है कि बस्तर स्थायी शांति और समावेशी विकास की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

पूना मारगम पुनर्वास से सामाजिक पुनर्समावेशन पहल के तहत वायान वाटिका नारायणपुर में एक महत्वपूर्ण और प्रतीकात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 25 नवंबर को मुख्यधारा में शामिल हुए 28 माओवादी कैडरों ने वे पौधे रोपे, जिन्हें समुदाय के वरिष्ठजनों ने पुनर्समावेशन के प्रतीक के रूप में उन्हें प्रदान किया था। आईजी ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम केवल एक प्रतीकात्मक गतिविधि नहीं है बल्कि आशा और स्थायी शांति के रोपण की प्रक्रिया को दशार्ता है उन लोगों के लिए जिन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़ा है और उन समुदायों के लिए जो विश्वास और अपनत्व के साथ उन्हें स्वीकार कर रहे हैं। हिंसा का मार्ग छोड़ चुके 28 माओवादी कैडरों के स्वागत से लेकर आज के पौधारोपण तक सामाजिक सौहार्द की मजबूती और आपसी विश्वास के पुनर्निर्माण का संकेत है। आज रोपा गया प्रत्येक पौधा एक ऐसे जीवन का प्रतीक है जो अतिवाद से लौटकर शांति, सम्मान और रचनात्मक प्रगति की ओर अग्रसर हुआ है।

## उपचार की अव्यवस्थाओं को लेकर क्षेत्र के नागरिकों में जमकर रोष

# व्यापारी संघ और सर्व आदिवासी समाज ने स्वास्थ्य विभाग को दिखाया आईना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर बीजापुर व्यापारी संघ औऱ सर्व आदिवासी समाज नें स्वास्थ्य विभाग को आईना दिखाने के बाद ही क्यों होश आया। क्षेत्रीय विधायक एवं जन प्रतिनिधीयों को खामियां नज़र क्यों नहीं आई। गौरतलब है की बीजापुर में उपचार का सारा दारोमदार केवल जिला अस्पताल पर क्यों की अन्य कोई भी जिले में शासकीय चिकित्सा चिकित्सा संस्थान अन्य शहरों की तरह यहां उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अव्यस्थाओं को सुधारने का नाम नहीं ले रहे है बल्कि अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर अपनी अपनी क्लिनिक औऱ दवा खाना खोल रखे है, जों जिला अस्पताल के ओपीडी में बैठते जरूर है मगर ख़ून, पेशाब,ईसीजी अन्य लीवर जांच के लिए शाम को खुद के क्लिनिक में खोल रखे पैथो लैब में बुलाते है औऱ उपचार के नाम पर मरीजों से मोटी फीस वसूलते है

जिसकी मुख्य वजह है जिला अस्पताल में पैथो लैब है परन्तु टेक्निशीनों की कमी है । एक भी कर्मचारी छुट्टी में चल दिया तो समझो सप्ताह भर किसी भी तरह का जांच होना मुश्किल है । जिला अस्पताल में कई महिनो से मरीजों का सिटी स्केन, सोनोग्राफी लग भग बंद पड़ा है। वही बमुश्किल एक्स-रे होता है लेकिन मरीजों को फ़ल्मि नहीं दी जाती, उन्हें मोबाइल से फोटो खींचकर डॉक्टर को दिखाने का मशवरा देकर चलता कर दिया जाता है। यहां तक के अस्पताल में दवाईयों की भी कमी बनी है। वार्ड होते हुए भी मरीजों को बेड लगाकर, अस्पताल के गलियारों में सुलाया जा रहा है। जिला अस्पताल में फैली उपचार की अव्यवस्थाओं को देखते हुए बीजापुर जिला व्यापारी संघ औऱ सर्व आदिवासी समाज में जमकर रोष है। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन को नींद से जगाने दो दिसंबर को शहर बंद का आह्वान करते हुए चेतावनी दी थी।









### सच्चाई से अनभिज्ञ मंत्री

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अनेकों बार बीजापुर जिला अस्पताल और मातृत्व शिशु अस्पताल का निरिक्षण किया है। जिन्हे सीएमएचओ, सिविल सर्जन केवल रंग रोगन औऱ अस्पताल की ऊपरी चमक दिखाकर कर शाबासी लेते, सच्चाई से अनभिज्ञ जायसवाल कोई सवाल किये बगैर ही चल देते है।

### आश्वासन मिला है

जिले में उपचार की व्यवस्थाएं बेहद लचर है जिसे सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को शहर बंद का अल्टीमेटम दिया था। कल बैठक में एसडीएम, सीएमएचओ औऱ जिला अस्पताल सिविल सर्जन नें आश्वासन दिया है जल्द ही फैली अव्यवस्थाओं को सुधारा जायेगा। बीजापुर व्यापारी संघ और सर्व आदिवासी समाज 15 दिनों की चेतावनी दी है अन्यथा पूरे जिला बंद कर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा।

**-ईश्वर सोनी,** अध्यक्ष व्यापारी संघ बीजापुर

### मातृत्व शिशु अस्पताल का लिफ्ट खराब

मरीजों को ऊपरी मंजिल में बिना थके जाने मातृत्व शिशु अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से लिफ्ट लगाया गया लेकिन मरीजों के बगैर उपयोग के लिफ्ट खराब पड़ा है । आज भी मरीज औऱ परिजन सीढियां नाप कर ऊपर चढ़ते है। वहीं जिला अस्पताल में लगाया हुआ लिफ्ट चालू है क्योकि की लिफ्ट से सिविल सर्जन औऱ कर्मचारियों का आना जाना लगा रहता है। जिन्हे मरीजों की नहीं खुद की परवाह है।

# सिहावा विस में 89 प्रतिशत एसआईआर पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नगरी

नगरी के रेस्ट हाउस में शुक्रवार को भाजपा की एसआईआर को लेकर बैठक हुई। कांकेर सांसद भोजराज नाग ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर (विशेष मतदाता सूची निरीक्षण) कार्य का बूथवार एवं सेक्टरवार निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शक्ति केंद्र प्रभारियों से अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और शत-प्रतिशत लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद श्री नाग ने स्पष्ट कहा कि जिन बूथों पर मतदाता पहचान में समस्या सामने आ रही है, वहां निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकारी व पार्टी द्वारा अधिकृत कार्यकर्ता तुरंत समाधान कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। दोपहर 12 बजे तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र में 89 प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण हो चुका था। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बूथवार प्रगति रिपोर्ट सांसद को सौंपते हुए विवरण प्रस्तुत किया। सांसद ने नगर पंचायत के तीन बूथों का निरीक्षण किया। बूथ अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद नाग ने कहा कि 4 दिसंबर से पूर्व कोई भी योग्य स्थानीय मतदाता सूची से न छूटे। बाहरी राज्य, क्षेत्र से आए व्यक्तियों के नाम चिह्नित कर आवश्यक विलोपन हेतु आवेदन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, एसआईआर प्रभारी नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्व, सदस्य अजय ध्रुव, गरिमा नेताम, चंद्रकला साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, नंदिनी सिन्हा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, सुलोचना साहू, मोनू साहू, राजेश नाथ गोसाई, शुभम यदु, प्रेमलता नागवंशी, शशि ध्रुव, रविशंकर दुबे, मोहन नाहटा, नरेश सिन्हा, शत्रुघ्न साहू, भवानी यादव, विजय यादव, गुरुप्रसाद साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# विधायक व जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



भाजपा बारसूर मण्डल के छिंदनार बूथ क्रमांक 22 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 128 वां संस्करण का प्रसारण विधायक चैतराम अटामी एवं जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता की उपस्थिति में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं के द्वारा देखा गया। गुप्ता ने कहा की मन की बात कार्यक्रम न केवल एक संवाद का माध्यम है, बल्कि यह हमारे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना को जागृत करने का एक सशक्त प्रयास भी है। कार्यक्रम हमें प्रेरणा देती है कि हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

# एसआईआर कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज : गीदम

- अपर कलेक्टर ने नगर पंचायत क्षेत्र का किया निरीक्षण



अपर कलेक्टर राजेश पात्रे ने एसआईआर डिजिटाइजेशन प्रगति के संबंध में गीदम नगर पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य में प्रगति लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके साथ एसडीएम मनीष बघेल, तहसीलदार किशन मिश्रा, सीएमओ नगर पंचायत हुलसी प्रधान, पार्षद कृष्णा नाग और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर राजेश पात्रे ने निरीक्षण के दौरान एसआईआर डिजिटाइजेशन कार्य में प्रगति लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर डिजिटाइजेशन कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर डिजिटाइजेशन कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी और प्रगति की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने बीएलओ को घर-घर सर्वे, नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

## कलेक्टर और डीएफओ को सौंपा गया ज्ञापन

# आदिवासियों को बेदखल करने का विरोध करेगा मुक्ति मोर्चा : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिला के किरंदुल, बचेली में रहने वाले लगभग 40 परिवार को उनके घर और जमीन से बेदखल की कार्यवाही को लेकर बस्तर मुक्ति मोर्चा ने विरोध किया है।

संस्था प्रमुख नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा है कि सरकार नक्सलवाद खत्म करने का दावा कर रही है। जब नक्सली गतिविधियां कम होती दिखी तो सरकार अब बस्तर में रहने वाले आदिवासियों को बेघर करने प्रशासनिक ताकत झोंक रही है।

उन्होंने कहा कि पुनर्वास पैकेज और भूमि अधिग्रहण अधिनियम और पांचवी अनुसूची के पेसा कानून को दरकिनार कर उद्योगपतियों के लिए सरकार के दबाव पर प्रशासनिक अधिकारी काम कर रहे हैं। बस्तर के जनप्रतिनिधि नेताओं की कठपुतली बन गए है। 27 नवंबर को दंतेवाड़ा जिला इकाई के नेतृत्व में दंतेवाड़ा मुख्यालय के वन मंडल अधिकारी एवं कलेक्टर से मुलाकात किया गया एवं अधिकारियों के सामने स्लरी पाइपलाइन से प्रभावित सभी परिवारों के पुनर्वास एवं आर्थिक सहयोग और संपूर्ण मामले की जांच की मांग रखी गई ।

उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत 2005 से पहले वन भूमि में काबिज सभी लोगों को पट्टा देने का प्रावधान है। राजस्व जमीन पर 15 साल से अधिक काबिज लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत पुनर्वासित करने का प्रावधान है । इन सभी चीजों को दरकिनार कर एक तरफा कार्यवाही किया जा रहा है।

नवनीत ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रभावितों को उचित न्याय नहीं मिलता है तो बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जें सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार रहेगी। इस दौरान दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकामी, संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी, मजदूर यूनियन अध्यक्ष लखमा को राम, मजदूर यूनियन सचिव कुरसो राम मौर्य, सुकमा जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू, किरंदुल मंडल अध्यक्ष विजय कुमार सोनवानी, जगदीश नायक मीडिया प्रभारी, जगदलपुर युवा विंग अध्यक्ष हिमांशु आनंद,कोर कमेटी अध्यक्ष रमेश यादव, बचेली यूथ अध्यक्ष हिडमा पोड़याम आदि पदाधिकारी एवं प्रभावित क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।






